Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-11-2006

Participants : Maheshwari Smt. Kiran

an>

Title: Need to provide financial assistance of Rs. 3200 crore to the Government of Rajasthan for rehabilitation works in the flood affected areas of the State.

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर) :महोदय, राजस्थान के सीमावर्ती एवं पिछड़े हुए बाड़मेर व जैसलमेर जिलों में इस र्वा की भयंकर बाढ एवं अतिवृटि के कहर से निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा बाढ़ राहत एवं पुनर्वास कार्य को त्वरित गति से सम्पादित करवाकर लोगों को प्रारंभिक राहत प्रदान की गयी है। राजस्थान सरकार द्वारा इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए पूरे राज्य के लिए केन्द्र से 3200 करोड़ रूपए राशि की मांग की गई थी जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा मात्र 100 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई। यह राशि बाढ़ पीडितों को मुहैया करवाई जाने वाली मुआवजा राशि के रूप में पर्याप्त् नहीं है। मेरा इस सदन के माध्यम से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार, राजस्थान के बाढ़ पीड़ितों एवं अतिवृटि के कहर से निपटने के लिए राज्य को शीघ्रातिशीघ्र 3200 करोड़ रू0 की राशि स्वीकृत करने की घोाणा करें जिससे कि सर्दी के मौसम में राहत एवं पुनर्वास कार्यो को गति प्रदान की जा सके।